हिंदी पखवाड़ा

14-29 सितम्बर, 2022

कामकाज में हिंदी प्रयोग बढ़ाएं
इलेक्ट्रॉनिक साधनों से जन-जन तक पहुँचाएं।

निदेशक (रिफ़ाइनरीज़) के डेस्क से हिंदी दिवस संदेश

प्रिय आईओसियन्स,

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

देश भर में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। सन 1949 में इसी दिन हिंदी को भारतीय संविधान में राजभाषा का दर्जा मिला था। इसी कारण हर साल आज के दिन हिंदी को याद किया जाता है। सन 1949 से शुरु हुआ हिंदी का सफर आज आजादी के अमृत महोत्सव तक पहुंच गया है।

भारतीय संविधान द्वारा खड़ी बोली को राजभाषा स्वीकार किए जाने के साथ हिंदी का परंपरागत स्वरूप और अध्ययन व्यावहारिक हो गया है। भाषा में वैज्ञानिक तकनीकी और उद्यमिता की संभावना होती है उसकी प्रयोजनीयता की भी संभावनाएं होती है। यह संभावनाएं हिंदी में भी हैं।

हिंदी ने एक बहुत लंबी यात्रा तय की है और विश्व भाषा और यूएन की भाषा बनने की दिशा में अग्रसर है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हिंदी प्रचार–प्रसार के कई कदम उठाए जा रहे हैं ताकि यह यूएन में एक स्वीकार्य भाषा हो। विज्ञान और तकनीक के युग के साथ हिंदी कदमताल करती दिखाई दे रही है। जब भी भाषा का विस्तार और विकास होता है, तब उसमें एक दृष्टि और जुड़ जाती है और वह है रोजगार की संभावना। आज हिंदी भाषा के बढ़ते चलन और वैश्विक रूप से रोजगार की अनेक संभावनाओं को उजागर किया है। इसकी विविध क्षेत्रों में स्वीकृति और प्रयोजनीयता बढ़ने से हिंदी को नई दृष्टि से देखा जा रहा है। निश्चित ही इस दृष्टि में व्यवसाय का बहुत बड़ा योगदान है।

आज के हिंदी दिवस पर, मैं आप सभी आइओसियन्स से हिंदी में काम करने की अपील करती हूं ताकि हम सिर्फ ऊर्जा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि किसी भी क्षेत्र में पूरे प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपनी क्षमता प्रदर्शित कर सकें।

मुझे आइओसियन्स पर पूरा विश्वास है कि हिंदी प्रचार–प्रसार की अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे और इस पर रोज कुछ ना कुछ काम अवश्य करेंगे।

यह हिंदी दिवस आप सभी के लिए मंगलमय हो।

जय हिंद जय हिंदी

शुक्ला मिस्त्री

शुक्ला मिस्त्री
निदेशक रिफ़ाइनरीज़

सितंबर 14, 2022